शहीदों के सम्मान में रायपुर में प्रज्ज्वलति होगी 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति'

चर्चा में क्यों?

29 जनवरी, 2022 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीदों के सम्मान में राजधानी रायपुर में 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति' का नर्िमाण कराने की घोषणा की। इसका भूमपिूजन सांसद राहुल गांधी के हाथों आगामी 3 फरवरी को कयिा जाएगा।

प्रमुख बदिु

- 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति' का नर्िमाण चौथी वाहनिी छत्तीसगढ़ सशसस्त्र बल माना, रायपुर के परसिर में कयिा जाएगा। शहीदों के सम्मान में छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योत‍ि अनवरत जलती रहेगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा क‍ि छत्तीसगढ़ के जनि सपूतों ने वर्दीधारी सेवाओं में जाकर देश के लयि‍े प्राण न्यौछावर कयि‍े, साथ ही छत्तीसगढ़ में देश भर के जनि वीरों ने अपने प्राणों की आहुत‍ि दे दी, उनकी शहादत का सम्मान 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति' के माध्यम से कयिा जाएगा।
- उल्लेखनीय है क‍ि सन् 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदरिा गांधी ने देश के शहीद वीर सैनकिों के सम्मान में नई दल्लिी में अमर जवान ज्योति प्रज्ज्वलति की थी, जो 1972 से लगातार जलती आ रही थी, लेकनि केंद्र सरकार ने अमर जवान ज्योत‍ि को इंडयिा गेट से हटाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में शफि्ट कर दयिा।
- छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योत‍ि में शहीदों की नामावली सूची की दीवार, मेमोरयिल टावर एवं वीवीआइपी मंच भी तैयार कयिा जाएगा। शहीदों की नामावली सूची की दीवार का नर्िमाण ब्राउन मार्बल से एवं शहीदों के नाम को उसी मार्बल में खुदाई कराकर लखिा जाएगा। यह दीवार लगभग 25 फीट ऊँची एवं लगभग 100 फीट की लंबाई के अर्धचंद्राकार रूप में रहेगी। इस दीवार की मोटाई 3 फीट होगी।
- मेमोरयिल टावर की स्थापना अर्धचंद्राकार दीवार के सामने बलुआ पत्थर ब्राउन व्हाइट मार्बल ग्रेनाइट से की जाएगी। इसके शीर्ष में स्मृत‍ि चह्नि का नर्िमाण कराया जाएगा।
- मेमोरयिल टावर के सामने आधार पर राइफल एवं हेलमेट प्रतीक चह्नि के रूप में रहेगा। इसी प्रतीक चह्नि के सामने 'छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति' प्रज्ज्वलति होगी, जो भूमगित पाइप लाइन के माध्यम से ईंधन सप्लाई द्वारा 24 घंटे जलेगी।
- मेमोरयिल टावर के ठीक सामने कलिानुमा दो मंजलिा भवन का नर्िमाण कराया जाएगा। इस भवन के आधार की लंबाई 150 फीट, चौड़ाई 90 फीट एवं ऊँचाई 40 फीट होगी। उक्त भवन के सामने 16 बगिुलरों के खड़े होने के लयि‍े 16 गुंबदों का नर्िमाण कराया जाएगा।
- इस भवन के प्रथम तल पर शहीदों की चत्रि प्रदर्शनी एवं द्वतिीय तल पर शस्त्र प्रदर्शनी रखी जाएगी। इस इकाई में प्रतवि‍र्ष 21 अक्टूबर को आयोजति होने वाले राज्यस्तरीय पुलसि स्मृत‍ि दविस के दौरान सम्मलिति शहीदों के परजिनों के ठहरने हेतु सर्व सुवधिा युक्त मेस एवं आवासीय कमरों का नर्िमाण कराया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-amar-jawan-jyoti-will-be-lit-in-raipur-in-honor-of-martyrs